Bal Bharati Public School, Pitampura, Delhi-110034

Class 7

Sanskrit

कक्षा - सप्तमी - VII (E-Lesson-4) तिथि 22.4.2020

पाठ - 2 शुकः काकः च (तोता और कौआ)

लङ् लकारः - प्रथमः पुरुषः (लङ् लकार प्रथम पुरुष)

छात्रों! आप कक्षा षष्ठी में 'लट् लकार' (वर्तमान काल) के धातु रूप पढ़ चुके हैं। इस पाठ में आपका परिचय संस्कृत भाषा के नए लकार से होगा - 'लङ् लकार'। इसका प्रयोग भूतकाल के लिए किया जाता है। सबसे पहले आप 'लङ् लकार' के धातु रूप याद करें तथा इनका प्रयोग कैसे करना है यह समझें -

इस पाठ में केवल प्रथम पुरुष समझना है :-

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष -	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
संज्ञा एवं सर्वनाम — पु. -	बालकः (सः)	बालकौ (तौ)	बालकाः (ते)
स्त्री. -	बालिका (सा)	बालिके (ते)	बालिकाः (ताः)
नपुंसक. -	मित्रम् (तत्)	मित्रे (ते)	मित्राणि (तानि)

इससे आप समझ गए होंगे कि कर्ता यदि एकवचन में है तो क्रिया भी एकवचन की ही होगी, यदि कर्ता द्विवचन में है तो क्रिया द्विवचन की और यदि बहुवचन में है तो क्रिया भी बहुवचन की ही प्रयोग की जाएगी।

अब इसका अर्थ देखें -

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष -	(एक) पढ़ता था (उसने पढ़ा)	(दो) पढ़ते थे (उन दोनों ने पढ़ा)	(अनेक) पढ़ते थे (उन सब ने पढ़ा)

अब हम पाठ का अर्थ समझेंगे -

प्रथमः पुरुषः - प्रथम पुरुष (पाठ का अर्थ)

सा कन्या अवदत्।	ते बालिके अहसताम्।	ताः बालिकाः अपठन्।
वह कन्या बोली।	वे दो बालिकाएँ हँसीं।	वे सब बालिकाएँ पढ़ीं।

सः बालकः अतरत्।	तौ नायकौ अनृत्यताम्।	ते बालकाः अखादन्।
वह बालक तैरा।	वे दो नायक नाचे।	उन सब बालकों ने खाया।
तत् मित्रम् उपहारम् आनयत्।	ते मित्रे अगायताम्।	तानि फलानि अपतन्।
वह मित्र उपहार लाया।	उन दोनों मित्रों ने गाया।	वे सब फल गिरे।
सः कार्यम् अकरोत्।	तौ कार्यम् अकुरुताम्।	ते कार्यम् अकुर्वन्।
उसने काम किया।	उन दोनों ने काम किया।	उन सबने काम किया।
सा गायिका आसीत्।	तौ शुकौ वृक्षे आस्ताम्।	ते उद्याने आसन्।
वह गायिका थी।	वे दोनों तोते पेड़ पर थे।	वे सब बाग में थे।

शुकः काकः च (तोता और कौआ) चित्रकथा

कस्मिंश्चित् वने एकः काकः एकः शुकः च अवसताम्।तयोः मध्ये घनिष्ठा मैत्री आसीत्।

किसी वन में एक कौआ और एक तोता रहते थे। उन दोनों के बीच में गहरी दोस्ती थी।

शुकः सर्वदा आत्मानं सुन्दरं अमन्यत। अतः सः सर्वदा काकम् उपाहसत्।

तोता हमेशा अपने को सुन्दर मानता था इसलिए वह हमेशा कौए का मजाक उड़ाता था।

एतस्मात् कारणात् काकः अति खेदम् अन्वभवत्।

इस कारण से कौआ बहुत दुख अनुभव करता था।

एकस्मिन् दिने काकः शुकः च मिलित्वा आहारम् अन्वेष्टुम् कश्चन ग्रामं प्राविशताम्। तस्मिन् ग्रामे एकः कृषकः अवसत्।

एक दिन कौए और तोते ने मिलकर भोजन ढूंढने के लिए किसी गाँव में प्रवेश किया। उस गाँव में एक किसान रहता था।

काकः तु कृषकस्य गृहं परितः विद्यमानान् कीटान् आहारकणान् च अखादत्।
कौआ तो किसान के घर के चारों तरफ पड़े हुए कीड़ों और अनाज के दानों को खा रहा था।

शुकः तु आम्रवृक्षम् आरुह्य फलम् अखादत्। तदा कृषकः तस्मिन् शुके पाषाणखण्डम् आक्षिपत्।
तोता तो आम के पेड़ पर चढ़कर फल खा रहा था। तब किसान ने उस तोते पर पत्थर का टुकड़ा फेंका।

भवान् तं कुरूपं काकं त्यक्त्वा सुन्दरं मां किमर्थं ताडयति?
आप उस कुरूप कौए को छोड़कर मुझ सुन्दर को किसलिए मार रहे हो?

भवान् मम फलानि नाशयति परं काकः तु मम परिसरं स्वच्छीकरोति। भवतः सौन्दर्यं शरीरे एव न तु कार्ये।
आप मेरे फल नष्ट कर रहे हो परंतु कौआ तो मेरे आँगन को स्वच्छ कर रहा है। आपकी सुंदरता शरीर में ही है न कि कार्य में।

शुकः स्वस्य दोषं स्वीकृतवान्। काकं च क्षमाम् अयाचत।
तोते ने अपना दोष स्वीकार किया और कौए से क्षमा माँगी।

<u>अभ्यासः</u> (पुस्तक या कॉपी में करें)

प्रश्न-1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक पद में लिखिए -

(क) काकः शुकः च कुत्र अवसताम्?
(ख) कः सर्वदा आत्मानं सुन्दरम् अमन्यत?
(ग) कृष्णवर्णीयः कुरूपः च कः आसीत्?
(घ) काकः शुकः च कुत्र प्राविशताम्?
(ङ) शुकः किम् अखादत्?

प्रश्न-2 मञ्जूषा से उचित क्रियापद को चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए।

मञ्जूषा - अहसत्, आसीत्, आनयत्, उपाहसत्, अकुर्वन्

(क) तत् मित्रम् उपहारम् ________ ।

(ख) ते कार्यम् ________ ।

(ग) सा गायिका ________ ।

(घ) शुकः सर्वदा काकम् ________ ।

(ङ) ग्रामे एकः कृषकः ________ ।

प्रश्न 3. दिए गए पदों में रेखांकित शब्दों को शुद्ध कीजिए -

(क) बालिका प्रातः दुग्धम् अपिबताम्।

(ख) फलानि वृक्षात् अपतत्।

(ग) अम्बा पिता च भोजनम् अपचत्।

(घ) बालकाः पाठम् अपठत्।

(ङ) बालिके लेखम् आलिखन्।

प्रश्न 4. समुचित धातुरूपों से रिक्त-स्थान पूर्ति कीजिए।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(क)	आसीत्	________	________
(ख)	________	________	अकुर्वन्
(ग)	प्राविशत्	________	________
(घ)	अहसत्	________	________
(ङ)	________	अभवताम्	________

प्रश्न 5. दिए गए वाक्यों का संस्कृत भाषा में अनुवाद कीजिए।

(क) दो पक्षी पेड़ पर बैठे थे।

(ख) उन सबने पाठ पढ़ा।

(ग) अनीता और गीता नाचती थीं।

(घ) सैनिकों ने देश की रक्षा की।

(ङ) वे सब घर गए।

×——×——×